भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

27 अप्रैल 2019

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा ओडिशा के मोरादा (मयूरभंज) और सुकिंडा (जाजपुर) में आयोजित विशाल जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

देश का कोना-कोना 'मोदी-मोदी' के नारे से गुंजायमान हो रहा है। पहले तीन चरणों के चुनाव में ही देश और ओडिशा की जनता ने तय कर दिया है कि केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन होना तय है

****

ओड़िशा में भी परिवर्तन की बयार चल पड़ी है, बीजद सरकार का सफाया निश्चित है। देश भर में चल रहे मोदी लहर से नवीन पटनायक के साथ-साथ बीजद सरकार के बाबुओं की भी नींद उड़ गई है

****

कांग्रेस में जाते ही शत्रुघ्न सिन्हा ने जिन्ना की प्रशंसा करनी शुरू कर दी, जिन्ना की तुलना महात्मा गाँधी के करनी शुरू कर दी, उस जिन्ना को महान बताना शुरू कर दिया जिसने देश को तोड़ने का काम किया। वास्तव में यही कांग्रेस का चरित्र है

****

कांग्रेस नेता पी. सी. चाको का कहना है कि मोदी सरकार को यासीन मलिक पर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। ये यासीन मलिक हमारे अभिन्न अंग जम्मू-कश्मीर को हिंदुस्तान से अलग करने का ख़्वाब देखते हैं और कांग्रेस ऐसे लोगों के समर्थन में उतर जाती है। यही है कांग्रेस का असली चरित्र

****

राज्य में आदिवासियों के कल्याण के लिए लगभग 6000 करोड़ रुपये दिए हैं। विगत पांच वर्षों में ओड़िशा में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए लगभग तीन लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं। सागरमाला परियोजना के तहत राज्य में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट चल रहे हैं

****

भाजपा की सरकार बनने पर खेती के लिए ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराये जायेंगे। किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को 60 वर्ष की उम्र के बाद से मासिक पेंशन दी जायेगी। यदि ओड़िशा में भाजपा की सरकार आती है तो राज्य के हर घर में एक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा

****

ओड़िशा में बनने वाली भाजपा सरकार एक लाख करोड़ रुपये की लागत से हर खेत तक सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायेगी। गरीब छात्रों के लिए केजी से पीजी तक की मुफ्त पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी

****

ओड़िशा में भाजपा सरकार बनने पर सभी सरकारी रिक्त पदों की भर्ती की जायेगी। आदिवासी भाइयों के लिए फ़ॉरेस्ट राईट एक्ट के तहत पट्टे के दावों को निपटाकर जमीन का मालिकाना हक दिया जाएगा। PESA एक्ट के नियम बनाकर इसे तीन महीने में लागू किया जाएगा

****

राज्य में भाजपा सरकार का गठन होने पर समर्थन मूल्य पर वन-उपज की खरीद की जायेगी। तेंदुपत्ते पर से जीएसटी को हटाया जाएगा। 'हो' और 'मुंडारी' भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराया जाएगा। सगर्भा माताओं के लिए 2000 नए एम्बुलेंस सेवा शुरू किये जायेंगे

****

ओड़िशा प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है लेकिन राज्य के लोग गरीब हैं क्योंकि यहाँ की बीजद सरकार ने खनिजों में भी घोटाला किया। इसकी जांच के लिए बनी एमबी शाह कमिटी की रिपोर्ट पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई

****

चिटफंड घोटाले में गरीब जनता की गाढ़ी कमाई लूटी गई। राज्य की जनता ओड़िशा में एक बार भाजपा सरकार बना दे, जिसने भी राज्य की जनता का पैसा खाया है, उसे कानून के दायरे में सजा दी जायेगी

****

हाल में ओड़िशा में भारतीय जनता पार्टी के 20 से ज्यादा कार्यकर्ताओं पर घातक हमले हुए हैं, हमारे लगभग 10 कार्यकर्ताओं की नृशंस हत्या हुई है

****

नवीन बाबू, यदि आप समझते हैं कि पश्चिम बंगाल की तरह हिंसा की राजनीति करने से ओड़िशा में आपकी सरकार बन जायेगी तो यह आपकी भूल है क्योंकि ओड़िशा की जनता हिंसा में विश्वास नहीं रखती। जनता जब जागती है तो हिंसा करने वालों और भ्रष्टाचारियों को भागना ही पड़ता है

****

जम्मू-कश्मीर में राहुल गाँधी के साथी और नेशनल कांफ्रेंस के बड़े नेता उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री पद की मांग करते हैं और कांग्रेस चुपचाप बैठी रहती है। राहुल गाँधी ने आज तक इस पर अपनी राय स्पष्ट नहीं की है

****

राहुल गाँधी, आप चाहे जितनी ताकत लगा लें लेकिन जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा, इसे भारत से कोई अलग नहीं कर सकता। वास्तव में कांग्रेसी देश की सुरक्षा की जगह अपने परिवार की सुरक्षा करने में लगे हुए हैं

****

बीजद सरकार ओडिशा की जनता को आयुष्मान भारत योजना का लाभ नहीं लेने दे रही क्योंकि नवीन बाबू को डर है कि इससे प्रधानमंत्री जी की लोकप्रियता और कई गुना बढ़ जायेगी। ओड़िशा में भाजपा सरकार आने वाली है और हम ओड़िशा में भी आयुष्मान भारत योजना लागू करके रहेंगे

****

पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने पर एयरस्ट्राइक से पूरे भारत में ख़ुशी की लहर थी लेकिन दुनिया में केवल दो ही जगह ऐसे थे जहां मातम छाया हुआ था - एक तो पाकिस्तान और दूसरा राहुल गाँधी एंड कंपनी के कैंप में

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज ओडिशा के मोरादा (मयूरभंज) और सुकिंडा (जाजपुर) में आयोजित विशाल जन-सभाओं को संबोधित किया और ओडिशा में विकास को बाधित करने के लिए बीजद की नवीन पटनायक सरकार पर हमला करते हुए देश को तोड़ने वालों व अलगाववादियों का समर्थन करने के लिए कांग्रेस पार्टी पर जम कर प्रहार किया।

श्री शाह ने कहा कि **देश का कोना-कोना 'मोदी-मोदी' के नारे से गुंजायमान हो रहा है। पहले तीन चरणों के चुनाव में ही देश और ओडिशा की जनता ने तय कर दिया है कि केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन होना तय है। ओड़िशा में भी परिवर्तन की बयार चल पड़ी है, राज्य से बीजद सरकार का सफाया निश्चित है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में देश को एक अथक परिश्रमी, निष्ठावान, संवेदनशील, पारदर्शी और निर्णायक नेतृत्व मिला है और देश की जनता उन्हें लंबे समय तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है।** उन्होंने राज्य की जनता से ओड़िया भाषा बोलने वाला मुख्यमंत्री चुनने की अपील करते हुए कहा कि जो यहाँ के आम लोगों के, आदिवासियों के दुःख-दर्द को महसूस कर सके और उनकी समस्याओं का समाधान कर सके।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **ओड़िशा के साथ ही देश भर में चल रहे मोदी लहर से नवीन पटनायक के साथ-साथ बीजद सरकार के बाबुओं की भी नींद उड़ गई है।** उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार आने के बाद पिछले 5 वर्षों में 7 करोड़ गरीबों के घर में मुफ्त में गैस कनेक्शन पहुंचाई गई, ढाई करोड़ गरीबों के लिए आवास उपलब्ध कराये गए, लगभग 9 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, लगभग 2 करोड़ 35 लाख घरों में बिजली पहुंचाई गई और देश के 50 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष का स्वास्थ्य-लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक लगभग 23 लाख गरीब लाभान्वित हुए हैं हालांकि **ओड़िशा की जनता आयुष्मान भारत के फायदे से अब तक अछूती है क्योंकि नवीन बाबू को**

डर है कि कहीं यह योजना ओड़िशा में लागू हो गई तो प्रधानमंत्री जी की लोकप्रियता और कई गुना बढ़ जायेगी। नवीन बाबू, आप भले ही राज्य की जनता तक इस योजना का फायदा न पहुँचने दें लेकिन ओड़िशा में भाजपा सरकार आने वाली है और हम ओड़िशा में भी आयुष्मान भारत योजना लागू करके रहेंगे।

श्री शाह ने कहा कि **पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने पर एयरस्ट्राइक से पूरे भारतवर्ष में ख़ुशी की लहर थी लेकिन दुनिया में केवल दो ही जगह ऐसे थे जहां मातम छाया हुआ था - एक तो पाकिस्तान और दूसरा राहुल गाँधी एंड कंपनी के कैंप में।** राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा तो कहते हैं कि आपने आतंकियों पर एयरस्ट्राइक क्यों की? पाकिस्तान पर बम क्यों गिराया? सैम पित्रोदा जी, हमारे 40 जवानों की शहादत छोटी बात नहीं है, हम ऐसे नृशंस और घृणित काम करने वालों से कभी बातचीत नहीं कर सकते। **यह मोदी सरकार है, न्यू इंडिया है जहां दुश्मनों की गोलियों का जवाब गोले से दिया जाता है, ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाता है।** उन्होंने कहा कि **जम्मू-कश्मीर में राहुल गाँधी के साथी और नेशनल कांफ्रेंस के बड़े नेता उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री पद की मांग करते हैं और कांग्रेस चुपचाप बैठी रहती है। राहुल गाँधी ने आज तक इस पर अपनी राय स्पष्ट नहीं की है।**

कांग्रेस नेता शत्रुघ्न सिन्हा के जिन्ना वाले बयान पर बरसते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ज**ब तक शत्रुघ्न सिन्हा भारतीय जनता पार्टी में थे, तब तक उनकी भाषा और उनके विचारों में देशभक्ति झलकती थी लेकिन जैसे ही वे कांग्रेस में गए, उन्होंने जिन्ना की प्रशंसा करनी शुरू कर दी, जिन्ना की तुलना महात्मा गाँधी के कर दी, उस जिन्ना को महान बताना शुरू कर दिया जिसने देश को तोड़ने का काम किया। वास्तव में यही कांग्रेस का चरित्र है।**

एक और कांग्रेस नेता पी. सी. चाको के विवादित बयान पर निशाना साधते हुए श्री शाह ने कहा कि **पी. सी. चाको का कहना है कि मोदी सरकार को यासीन मलिक पर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। ये यासीन मलिक हमारे अभिन्न अंग जम्मू-कश्मीर को हिंदुस्तान से अलग करने का ख़्वाब देखते हैं और कांग्रेस ऐसे लोगों के समर्थन में उतर जाती है। यही है कांग्रेस का असली चरित्र। राहुल गाँधी, आप चाहे जितनी ताकत लगा लें लेकिन जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा, इसे भारत से कोई अलग नहीं कर सकता। वास्तव में कांग्रेसी देश की सुरक्षा की जगह अपने परिवार की सुरक्षा करने में लगे हुए हैं।**

ओड़िशा के विकास के लिए मोदी सरकार के किये गए कार्यों को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **राज्य में आदिवासियों के कल्याण के लिए लगभग 6000 करोड़ रुपये दिए हैं। विगत पांच वर्षों में ओड़िशा में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए लगभग तीन लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं। सागरमाला परियोजना के तहत राज्य में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट चल रहे हैं।** विगत पांच वर्षों में केंद्र द्वारा ओड़िशा में सड़कों और राजमार्गों का नेटवर्क तैयार किया गया है। बंदरगाहों का विकास किया जा रहा है और इसे सड़कों से भी जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ओड़िशा में आईआईएम, आईआईटी, एम्स सहित कई बड़ी संस्थाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि **ओड़िशा प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है लेकिन राज्य के लोग गरीब हैं क्योंकि यहाँ की बीजद सरकार ने खनिजों में भी घोटाला किया। इसकी जांच के लिए बनी एमबी शाह कमिटी की रिपोर्ट**

पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं, **चिटफंड घोटाले में गरीब जनता की गाढ़ी कमाई लूटी गई। राज्य की जनता ओड़िशा में एक बार भाजपा सरकार बना दे, जिसने भी राज्य की जनता का पैसा खाया है, उसे कानून के दायरे में सजा दी जायेगी।**

ओड़िशा की बीजद सरकार पर हमला जारी रखते हुए श्री शाह ने कहा कि राज्य में किसान संकट में है। बांधों का रख-रखाव भी ठीक ढंग से नहीं हो रहा। पर्यटन की सुविधाओं का विस्तार नहीं हो रहा। **जो ओड़िशा अपनी महान संस्कृति और विरासत के लिए जाना जाता है, आज वहां अराजकता की सी स्थिति बीजद सरकार ने उत्पन्न कर दी है। हाल में ओड़िशा में भारतीय जनता पार्टी के 20 से ज्यादा कार्यकर्ताओं पर घातक हमले हुए हैं, हमारे लगभग 10 कार्यकर्ताओं की नृशंस हत्या हुई है। नवीन बाबू, यदि आप समझते हैं कि पश्चिम बंगाल की तरह हिंसा की राजनीति करने से ओड़िशा में आपकी सरकार बन जायेगी तो यह आपकी भूल है क्योंकि ओड़िशा की जनता हिंसा में विश्वास नहीं रखती। उन्होंने कहा कि जनता जब जागती है तो हिंसा करने वालों और भ्रष्टाचारियों को भागना ही पड़ता है।**

ओड़िशा के लिए भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर किसानों को खेती के लिए ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराये जायेंगे। किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को 60 वर्ष की उम्र के बाद से मासिक पेंशन दी जायेगी। ओड़िशा में बनने वाली भाजपा सरकार एक लाख करोड़ रुपये की लागत से हर खेत तक सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायेगी। गरीब छात्रों के लिए केजी से पीजी तक की मुफ्त पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। यदि ओड़िशा में भाजपा की सरकार आती है तो राज्य के हर घर में एक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। सभी सरकारी रिक्त पदों की भर्ती की जायेगी। केवल एक प्रतिशत ब्याज पर युवाओं को स्वरोजगार के लिए तीन लाख रुपये तक का ऋण मुहैया कराया जाएगा। आदिवासी भाइयों के लिए फ़ॉरेस्ट राईट एक्ट के तहत पट्टे के दावों को निपटाकर जमीन का मालिकाना हक दिया जाएगा। PESA एक्ट के नियम बनाकर इसे तीन महीने में लागू किया जाएगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर वन-उपज की खरीद सुनिश्चित की जायेगी। इतना ही नहीं, तेंदुपत्ते पर से जीएसटी को हटाया जाएगा। 'हो' और 'मुंडारी' भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराया जाएगा। सगर्भा माताओं के लिए 2000 नए एम्बुलेंस सेवा शुरू किये जायेंगे।** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एक ऐसे ओडिशा का निर्माण करना चाहते हैं, जहां रोजगार के लिए युवाओं को पलायन नहीं करना पड़े। उन्होंने राज्य की जनता से ओड़िशा के बेहतर भविष्य के लिए राज्य में एक बार भाजपा सरकार बनाने की अपील की।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव